◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

CHHATTISGARH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 24 नवम्बर 2026

स्थानीय

कांकेर में तीन कांग्रेसजनों को पुनः स्वागत, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुनः बहाली



कांकेर जिले की कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव के निर्देश और छत्तीसगढ़ प्रांतीय कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर, जिला प्रशासनिक महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा (बंटी) द्वारा जारी पत्र के माध्यम से तीन कांग्रेसजनों का निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उन्हें ससम्मान कांग्रेस संगठन में पुनः बहाल किया गया।

पुनः बहाल कांग्रेसजन हैं: 1. श्री तुषार ठाकुर, पार्षद, भानुप्रतापपुर; 2. श्री मोहम्मद शादाब; 3. श्री प्रदीप तुरतुरिया।

तीनों कांग्रेसजनों का जिला कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

आशा है कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

— Laxman singh दर्रो

स्थानीय

कांकेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



कांकेर के कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का अभाव, पर्याप्त रोशनी की कमी तथा अन्य अव्यवस्थाएं पाई गईं। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महिला एवं पुरुष वार्ड का अवलोकन कर भर्ती मरीजों से बातचीत की। पुरुष वार्ड में एक और महिला वार्ड में दो मरीज भर्ती पाए गए। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सभी भर्ती मरीजों का समुचित एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में ग्राम सिरसिदा की भर्ती मरीज श्रीमती शांता बाई कवाची की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, बिजली एवं रोशनी की अपर्याप्त व्यवस्था सहित अन्य अव्यवस्थाएं सामने आने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और डॉ मिथलेश साहू, डॉ उत्तम सिन्हा तथा एस टी एस दिलीप खोब्रागड़े को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अस्पताल में स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री भागवत प्रसाद जायसवाल, एसडीएम चारामा श्री नरेन्द्र बंजारा सहित तहसीलदार कांकेर एवं चारामा तहसीलदार उपस्थित थे।

— Laxman singh दर्रो

कृषि

किसान तुहर टोकन ऐप से धान विक्रय में मिली सहूलियत, दिनेश कुमार राय ने बेचा 80 क्विंटल धान



गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में छत्तीसगढ़ शासन की धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए लगातार सुविधाएँ प्रदान कर रही है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से धान बेचने की प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक सरल और सुविधाजनक हो गई है। मरवाही के किसान दिनेश कुमार राय ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए मरवाही धान उपार्जन केंद्र में अपना 80 क्विंटल धान बेचा।

किसान दिनेश कुमार राय ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने 'किसान तुहर टोकन ऐप' के माध्यम से घर बैठे ही धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर लिया, जिससे उन्हें टोकन कटाने के लिए लंबी कतारों में लगने की परेशानी से मुक्ति मिली। ऐप के माध्यम से टोकन की सुविधा मिलने से उनके समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने से आर्थिक संबल भी मिल रहा है। दिनेश कुमार ने धान खरीदी की सुगम व्यवस्था, डिजिटल टोकन सुविधा और लाभकारी दर से धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

— देवान सिंह मराबी

खेल

राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता: जीपीएम जिले के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक, बढ़ाया प्रदेश का गौरव



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 12 से 15 नवंबर तक आयोजित 26वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 6 पदक जीतकर जिले एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम की ओर से जिले के तीन खिलाड़ियों रोहित कुमार, जन्तराम पनिका एवं मोहनी मरावी ने भाग लेकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

प्रतियोगिता में रोहित कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीते। उन्होंने 50 मीटर बैक स्ट्रोक एवं 100 मीटर बैक स्ट्रोक स्पर्धा में शानदार समय दर्ज कर रिकॉर्ड भी बनाया। इसी तरह जन्तराम पनिका ने दो कांस्य पदक तथा मोहनी मरावी ने एक कांस्य पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया।

राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर लौटे तीनों खिलाड़ियों ने आज कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने खिलाड़ियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इनकी सफलता जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है।

कलेक्टर ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से खेल जगत में हर्ष का वातावरण है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, लगन और आत्मविश्वास से यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

— देवान सिंह मराबी

स्थानीय

श्रद्धा एकता रक्त संगठन और SBS हॉस्पिटल ने भिलाई में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



भिलाई के आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 30 एवं 31, कैंप-1 में श्रद्धा एकता रक्त संगठन के नेतृत्व में और SBS हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, शारीरिक स्वास्थ्य, दंत परीक्षण और रक्तदान जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों एवं मरीजों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया और चिकित्सकों से परामर्श तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया।

SBS हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम द्वारा प्रदत्त सेवाओं, सहयोग एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की उपस्थित लोगों ने सराहना की। उपस्थित रक्तदाताओं को रणवीर सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया और हेलमेट तथा कॉलेज बैग उपहार में दिए गए।

आयोजन के दौरान समाज से यह संदेश दिया गया कि भिलाई-दुर्ग के प्रत्येक वार्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा की रोशनी जगानी चाहिए। श्रद्धा एकता रक्त संगठन ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

— देवान सिंह मराबी, भिलाई

स्थानीय

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ की बैठक में गीतांजलि पांडे को बनाया गया अस्थाई जिला अध्यक्ष



रविवार को बृहस्पति बाजार स्थित गार्डन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से गीतांजलि पांडे को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया गया। सभी पदाधिकारियों की सहमति के बाद उन्हें चार महीने की अवधि के लिए अस्थाई रूप से जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि मार्च महीने में स्थाई अध्यक्ष के लिए नए चुनाव कराए जाएंगे।

बैठक के दौरान नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गीतांजलि पांडे ने कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हितों की रक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वे उनकी लंबित मांगों को लेकर लंबी लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हित में काम करने के लिए वे अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसे कदम उठाने से भी नहीं चूकेंगी।

अपने भाषण के दौरान गीतांजलि पांडे ने संघ के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने संघ के एकजुटता का प्रदर्शन किया।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

गीतांजलि पांडे ने कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हितों की रक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वे उनकी लंबित मांगों को लेकर लंबी लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हित में काम करने के लिए वे अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसे कदम उठाने से भी नहीं चूकेंगी।

अपने भाषण के दौरान गीतांजलि पांडे ने संघ के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने संघ के एकजुटता का प्रदर्शन किया।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

पनिका समाज में संगठनात्मक एकता पर जोर, जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से



सारंगढ़-बिलाईगढ़। पनिका समाज जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की आवश्यक बैठक मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को कबीर आश्रम सारंगढ़ में आयोजित हुई। बैठक में जिले के तीनों सामाजिक ब्लॉक सारंगढ़, बरमकेला एवं सरसींवा के अध्यक्षों सहित उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। बैठक में सामाजिक संगठन की मजबूती, जिलाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया, सामुदायिक भवन निर्माण, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में पुनः बहाली की मांग तथा समाज के भीतर चल रहे विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समाज की एकजुटता और अधिकारों की लड़ाई को संगठित तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर सामने आया। समाज के कुछ व्यक्तियों द्वारा स्वयं को जिलाध्यक्ष घोषित किए जाने संबंधी खबरों पर उपस्थित समाजजनों ने आपत्ति जताई और ऐसी खबरों का खंडन किया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं को जिलाध्यक्ष घोषित कर देना अथवा कुछ घंटों की बैठक में पद का निर्णय कर लेना समाज की लोकतांत्रिक परंपरा और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है।

समाज के निर्णय के अनुसार जिले के तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी आपसी सहमति से निर्वाचन नियमावली तैयार करेंगे। इसके बाद व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और सदस्यता प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात लोकतांत्रिक तरीके से जिलाध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग पांच से छह माह का समय लगने की संभावना जताई गई। तब तक पूर्व से संचालित जिला कमेटी ही अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

कबीर आश्रम में सामुदायिक भवन निर्माण का मुद्दा गरमाया

बैठक में कबीर आश्रम सारंगढ़ परिसर में प्रस्तावित पनिका समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। चर्चा के दौरान समाजजनों ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा यहां भवन निर्माण का विरोध किया जा रहा है तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सामुदायिक भवन को सारंगढ़ के बजाय उलखर गांव में बनाए जाने का मौखिक आग्रह किया गया है।

इस विषय को लेकर बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि सारंगढ़ जिला मुख्यालय होने के साथ ही समाज की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है। कबीर आश्रम परिसर में पहले से ही पनिका समाज का एक छोटा भवन मौजूद है और इसी परिसर में समाज के आराध्य सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा भी स्थापित है। इस स्थान से समाज की धार्मिक आस्था और भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

समाज की एकता, सामाजिक आयोजनों, बैठकों और सामूहिक गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक है। ऐसे में भवन निर्माण के प्रस्ताव को लेकर आपसी मतभेद पैदा करने के बजाय समाजहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

तीनों ब्लॉक अध्यक्षों ने संगठन की वर्तमान स्थिति पर रखे विचार

बैठक में सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र दास मानिकपुरी, बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष बावा दास महंत एवं सरसींवा क्षेत्र के अध्यक्ष टीपू दास दीवान ने सामाजिक गतिविधियों और संगठन की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार रखे। तीनों अध्यक्षों ने समाज में आपसी समन्वय, पारदर्शिता और संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता बताई।

इस दौरान बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष बावा दास महंत ने जिलाध्यक्ष पद को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने देवदास को सामाजिक जिलाध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन नहीं किया है। उनका आरोप है कि उनसे फोटो मांगकर सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में इस तरह प्रसारित किया जा रहा है, जिससे उनके समर्थन का गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सामाजिक बैठक में अपना लिखित पक्ष भी प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्होंने देवदास को जिलाध्यक्ष बनाए जाने संबंधी खबरों में अपना नाम जोड़े जाने का स्पष्ट खंडन किया।

एसटी वर्ग में पुनः बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

पनिका समाज की लंबे समय से चली आ रही अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में पुनः बहाली की मांग पर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा हुई। इस मांग को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के तीनों ब्लॉक अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

समाजजनों ने कहा कि एसटी वर्ग में पुनः बहाली का विषय समाज के अधिकार, पहचान और भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस मांग को लेकर केंद्रीय कमेटी एवं प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार आगामी दिनों में आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और व्यापक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि समाज की मांगों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। केवल ज्ञापन तक सीमित रहने के बजाय निर्धारित रणनीति के अनुसार चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

"समाज को डीलर नहीं, लीडर चाहिए" : तीनों ब्लॉक अध्यक्ष

बैठक के दौरान तीनों ब्लॉक अध्यक्षों ने सामाजिक नेतृत्व को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो समाज के अधिकारों, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई पूरी निष्ठा से लड़ सके। उन्होंने कहा कि कुछ सामाजिक क्षेत्रों में मनमाने ढंग से नियम लागू करने और हिटलरशाही जैसी कार्यशैली अपनाने के प्रयासों की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो संगठन के हित में नहीं हैं।

अध्यक्षों ने कहा कि पनिका समाज वर्तमान में एसटी वर्ग में पुनः बहाली की मांग को लेकर संघर्षरत है। आने वाले समय में केंद्रीय एवं प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार बड़े स्तर पर आंदोलन और प्रदर्शन प्रस्तावित हैं। ऐसे सामाजिक आंदोलनों को सफल बनाने के लिए स्वतंत्र, सक्रिय और समाज के प्रति समर्पित नेतृत्व की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि समाज को डीलर नहीं, लीडर चाहिए। ऐसा नेतृत्व चाहिए जो समाज को जोड़ने का काम करे, लोगों की आवाज बने और सामाजिक अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ा रहे। समाज अब पहले से अधिक जागरूक हो चुका है। समाज को भ्रमित करने या अंधकार में रखने के प्रयास सफल नहीं होंगे। अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा।

विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े से सौजन्य मुलाकात

बिलाईगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े से भी सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाजजनों ने विधायक को दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही समाज में चल रही वर्तमान गतिविधियों, संगठनात्मक परिस्थितियों और विभिन्न मांगों के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की।

प्रतिनिधिमंडल ने समाज की समस्याओं और सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य सामाजिक विषयों से विधायक को अवगत कराया। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से समाजहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक पहल होगी।

सामाजिक एकता और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प

बैठक के समापन पर उपस्थित समाजजनों ने संगठन को मजबूत बनाने, आपसी मतभेदों को दूर करने, पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया अपनाने और समाज के अधिकारों के लिए सामूहिक रूप से संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज की मजबूती किसी एक पद या व्यक्ति से नहीं, बल्कि सामूहिक भागीदारी, लोकतांत्रिक व्यवस्था और एकजुटता से सुनिश्चित होती है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पनिका समाज विकास परिषद नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम दास महंत, पनिका समाज जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिलाध्यक्ष नागेश्वर महंत, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र दास मानिकपुरी, बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष बावा दास महंत, सरसींवा क्षेत्र अध्यक्ष टीपू दास दीवान, निर्वाचन अधिकारी अशोक दास सहित दुर्गा दास, सुदामा दास, सहनू दास, शंकर दास, मंथीर दास, शिवप्रसाद महंत, धीरज दास, कमल दास, नौत्तम दास मानिकपुरी, चैनदास मानिकपुरी, महा दास महंत, सोहन दास, मोहन दास, हिमांचल दास, संतोष दास, लोक दास, विशिकेशन दास, मंगल दास, मनि दास, चितरंजन दास, नूतन दास, चुलकल दास, गुहा दास, छेदी लाल, सूरज दास, प्रहलाद दास सहित समाज के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक ने स्पष्ट किया कि पनिका समाज जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अब संगठनात्मक एकता, लोकतांत्रिक नेतृत्व और सामाजिक अधिकारों की मांग को लेकर सामूहिक रूप से आगे बढ़ने की दिशा में प्रयासरत है।

— Mukesh Yadav

अपराध

भानुप्रतापपुर बाजार में महुआ शराब बेचने निकला आरोपी गिरफ्तार, उजियारा अभियान में 7 लीटर शराब जब्त!



कांकेर। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत भानुप्रतापपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाजार स्थल के पास महुआ शराब बेचने की फिराक में घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश पांडे (34 वर्ष), निवासी संजय नगर भानुप्रतापपुर के कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब, जिसकी कीमत करीब 1,050 रुपये बताई गई है, बरामद की।

आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन एवं एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई।

उजियारा अभियान के तहत कांकेर पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई जारी है।

— Devendra Kumar पोया

तीन मंदिरों की दान पेटियों पर चोर का हाथ साफ! चारामा पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को दबोचा, ₹5,130 और कटर बरामद



कांकेर। चारामा क्षेत्र के तीन मंदिरों की दान पेटियों का ताला तोड़कर नगदी चोरी करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कानापोड़ के त्रिपुरारी महादेव मंदिर और ग्राम लखनपुरी के पिपलेश्वर एवं बटकेश्वर मंदिर की दान पेटियों से अज्ञात चोर ने नगदी रकम पार कर दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही दिलीप शर्मा (27 वर्ष), निवासी लखनपुरी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की ₹5,130 नगदी और घटना में प्रयुक्त लोहे का कटर बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर सहित चारामा पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

चारामा पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मंदिरों में चोरी का मामला 24 घंटे में सुलझा।

— Devendra Kumar पोया

अपराध

सिटी कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों में शराबखोरी के 7 आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया



सिटी कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों में शराबखोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कार्रवाई की और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए सात व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत शराब के अवैध सेवन और सार्वजनिक स्थानों में पीने की धारा के तहत आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बताया कि इन व्यक्तियों को विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में शराब पीते हुए पकड़ा गया।

पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की अवैध शराबखोरी पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों में शराब सेवन से बचने का निर्देश दिया गया। जांच जारी है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

बिलासपुर में युवक की आग लगने वाली मौत के बाद प्रेमिका पर गिरफ्तार



27 जनवरी 2026 को Bilaspur के एक होटल में विकास गुप्ता और आकांक्षा सिदार ने शादी के विषय पर विवाद किया। विवाद के बाद विकास ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई और गंभीर रूप से झुलसे। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, परंतु 1 फरवरी 2026 को रायपुर के अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

के बीच प्रेम संबंध थे। 10 महीने बाद, 21 वर्षीय आकांक्षा सिदार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

पुलिस के बयान में यह भी कहा गया कि विकास ने अपनी मौत के बाद भी अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर रूप से झुलसने के बावजूद जीवन नहीं बचाया। आकांक्षा सिदार पर यह आरोप है कि उसने विकास को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया।

अभी तक जांच जारी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत मामले की सुनवाई की जाएगी।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

शराब के पैसे न देने पर युवक पर हुई मारपीट



एक स्थानीय घटना में, एक युवक को शराब के लिए पैसे न देने के कारण मारपीट का सामना करना पड़ा।

युवक ने शराब के लिए भुगतान करने से इनकार किया, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने उसे शारीरिक रूप से दंडित किया।

पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर जांच शुरू कर दी गई और मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

धर्म

बिलासपुर में गुरु नानक देव जी के पवन प्रकाश पूरब को समर्पित नगर कीर्तन



बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – इस रविवार, शहर के प्रमुख स्थान पर गुरु नानक देव जी के पवन प्रकाश पूरब को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय धार्मिक संगठनों ने मिलकर भजन-कीर्तन का मंचन किया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

कीर्तन के दौरान गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं को उजागर करने वाले गीतों का गान किया गया, जिससे श्रोताओं में आध्यात्मिक भावनाओं का संचार हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पवन प्रकाश पूरब के प्रतीकात्मक अर्थ को समझना और समाज में शांति व एकता का संदेश फैलाना था।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया और कार्यक्रम के सुचारु संचालन में सहयोग दिया। उपस्थित लोगों ने इस धार्मिक आयोजन को सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में सराहा।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

स्वास्थ्य

संगम में रक्तदान शिविर, 42 यूनिट रक्त संग्रह, बीएसएफ जवानों और पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



संगम में अंजली ब्लड फाउंडेशन और युवा ब्लड फाउंडेशन पखांजूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस पवित्र कार्य में संगम बीएसएफ कैंप के जवानों, थाना परतापुर के पुलिसकर्मियों तथा संगम क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा की मिसाल पेश की।

अमित विश्वास, धीरज बढ़ाई, शिवानंद मंडल, परमेश्वर उसेंडी एवं विप्लव दास की अहम भूमिका रही। उनके सहयोग और सक्रिय प्रयासों से रक्तदान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

देवजीत सरकार ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उसे उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाए। उन्होंने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता और न ही इसे ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकता है; इंसान द्वारा दान किया गया रक्त ही जरूरतमंद की जान बचाने का साधन बनता है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि प्रत्येक स्वस्थ युवा रक्तदान के लिए आगे आए। उनका छोटा-सा प्रयास किसी परिवार की खुशियों को वापस ला सकता है और जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है।

रक्तदान शिविर में बीएसएफ के जवानों, पुलिसकर्मियों और स्थानीय युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

— Laxman singh दर्रो

अपराध

शिवसेना ने एंटी-करप्शन ब्यूरो की काकेर-कांकेर में भ्रष्ट जीएसटी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का स्वागत किया



एंटी करप्शन ब्यूरो ने काकेर-कांकेर में घूस लेने का आरोप लगाई गई एक जीएसटी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की, जिसे स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के प्रमुख उदाहरण के रूप में देखा गया।

इस कार्रवाई को शिवसेना के उद्धव ठाकरे के पक्ष में रहने वाले नेता ने खुले तौर पर स्वागत किया और कहा कि यदि एंटी करप्शन ब्यूरो पूरे प्रदेश में इसी प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई करता रहेगा तो भ्रष्टाचार की जड़ें हिल जाएँगी।

रिपोर्टों के अनुसार, उक्त अधिकारी ने जीएसटी के डर से काकेर जिले के व्यापारी वर्ग को भयभीत कर बड़े पैमाने पर रिश्वत ली और उन्हें धमकाया, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ।

आज की इस कार्रवाई से आम जनता में हर्ष की लहर दौड़ गई, और शिवसेना ने प्रदेश सरकार से सभी भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि व्यापारी बिना भय के अपना व्यापार कर सकें और नागरिक शांति से जीवन यापन कर सकें।

— Laxman singh दर्रो

भानुप्रतापपुर बाजार में 7 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



भानुप्रतापपुर बाजार के पास 7 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को उजियारा अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। 21 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के अनुसार, बाजार स्थल के पास एक व्यक्ति महुआ शराब बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में था। इस सूचना पर एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ओमप्रकाश पांडे (34 वर्ष), निवासी संजय पारा भानुप्रतापपुर को पकड़ा।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5 लीटर की जरकिन और 2 लीटर की बोतल में रखी कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 1050 रुपये बताई गई है।

आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन एवं एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में की गई।

— Laxman singh दर्रो

स्थानीय

नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष गीतांजलि पांडे ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के हित में निर्णय लिया



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी की बैठक रविवार को बृहस्पति बाजार स्थित गार्डन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद के लिए नाम रखे गए और सभी पदाधिकारी ने गीतांजलि पांडे को अध्यक्ष बनने के लिए कहा।

4 महीने तक के लिए अस्थायी रूप से गीतांजलि पांडे को अध्यक्ष बनाया गया है। मार्च में फिर से स्थायी अध्यक्ष के लिए चुनाव कराए जाने की बात कही गई है।

इस दौरान नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष गीतांजलि पांडे ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की लंबित मांग के लिए लंबी लड़ाई लडेंगी, यहाँ तक कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के जरिए कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के हित में काम करेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों का आभार जताया। बैठक में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

— पत्रकार शत्रुघन चौधरी

स्वास्थ्य

नवीनतम अध्यक्ष गीतांजलि पांडे ने आंगनबाड़ी सहायकाओं के हित में कार्य करने का संकल्प लिया



नवीनतम अध्यक्ष गीतांजलि पांडे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के हित में काम करने का संकल्प लिया।

बाल पोषण व प्रारम्भिक शिक्षा में महत्वपूर्ण बताया और उनके कार्यस्थल की स्थितियों में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्ष पांडे ने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य सहायकाओं की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को बेहतर ढंग से निभा सकें।

यह संकल्प उनके कार्यकाल में प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक रहेगा।

— पत्रकार शत्रुघन चौधरी

राजनीति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ पटवारी संघ ने हड़ताल स्थगित की घोषणा



रायपुर — मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल और सकारात्मक संवाद के बाद छत्तीसगढ़ पटवारी संघ ने अपनी राज्यव्यापी हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की।

आज मुख्यमंत्री निवास में पटवारी संघ के पदाधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक में उन्होंने अपनी वेतन-विसंगति और पदोन्नति संबंधी मांगों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसे मुख्यमंत्री ने धैर्य और सहानुभूति के साथ सुना।

मुख्यमंत्री ने इन मांगों के परीक्षण हेतु एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश जारी किए, जिससे संबंधित मुद्दों का विश्लेषण कर निराकरण की अनुशंसा की जा सके।

हड़ताल अवधि में हुई कार्यवाहियों के संबंध में मुख्यमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया, यह स्पष्ट करते हुए कि संवाद और आपसी समझ से ही समस्याओं का समाधान संभव है।

इन सकारात्मक कदमों के बाद छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की।

— देवान सिंह मराबी, रायपुर

स्थानीय

धान खरीदी में किसानों के हित पर सवाल: MSP बढ़ी, पर सरकारी सहायता घटी



बिलासपुर में धान खरीदी और किसानों को मिलने वाली आर्थिक सहायता को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा नेता विजय केशरवानी ने इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) ₹2,183 से बढ़ाकर ₹2,441 प्रति क्विंटल कर दिया है, जिसमें ₹258 की वृद्धि हुई है। इसके बावजूद, ₹3,100 प्रति क्विंटल की घोषित दर की तुलना में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंतर सहायता राशि ₹917 से घटकर ₹659 रह गई है।

श्री केशरवानी ने सरकार से स्पष्ट करने की मांग की है कि किसानों को धान पर बोनस और सहायता राशि देने की बात तो की जाती है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से किसानों को वास्तविक लाभ कितना मिल रहा है, यह स्पष्ट होना चाहिए।

24 में धान का MSP ₹2,183 प्रति क्विंटल था और किसानों को ₹917 की अंतर सहायता मिलती थी, जिससे कुल राशि ₹3,100 होती थी। वर्तमान में MSP ₹2,441 होने के बावजूद, ₹3,100 की घोषित दर के हिसाब से अंतर राशि घटकर केवल ₹659 रह गई है, जो किसानों के लिए चिंता का विषय है।

— पत्रकार शत्रुघन चौधरी, बिलासपुर

थाना कोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) युवक को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में युवती गिरफ्तार



थाना कोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

युवक को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में युवती गिरफ्तार

थाना कोनी में अपराध क्रमांक 638/2026, धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी युवती आकांक्षा सिदार, उम्र 21 वर्ष, निवासी भटगांव, जिला सूरजपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

प्रकरण में मृतक विकास गुप्ता (22 वर्ष) एवं आरोपी युवती के मध्य प्रेम संबंध थे। दिनांक 27.01.2026 को दोनों कोनी स्थित एक होटल में रुके थे। इस दौरान शादी की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद युवक ने स्वयं पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। उपचार के दौरान दिनांक 01.02.2026 को रायपुर के अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

मर्ग जांच के दौरान सामने आए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर मृतक को लगातार प्रताड़ित किए जाने तथा उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने की पुष्टि होने पर आरोपी युवती के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस द्वारा दिनांक 21.11.2026 को आरोपी युवती को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

बिलासपुर पुलिस

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

स्थानीय

बाल विवाह से मुक्ति: बलरामपुर में नई पहल



बाल विवाह से मुक्ति के लिए बलरामपुर में नई पहल शुरू हुई है।

इस पहल का उद्देश्य बाल विवाह को समाप्त करना और बाल अधिकारों की रक्षा करना है।

इस पहल के तहत बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

— Vijay singh

मौसम

चक्रवात और तूफान से उत्पन्न स्थिति

चक्रवात और तूफान से।

चक्रवात और तूफान से।

चक्रवात और तूफान से।

— Chhakkan Say Dhurwa

बहराइच टुडे न्यूज़ 24

हमारे न्यूज़ 24 में जुड़ने के लिए आप सभी को स्वागत एवं अभिनंदन है

— राम सवारे साहू

देश

Ek yuvak aur ek mahilaon Gambhir Ghayal

Driver Gambhir chot aane ke Karan pasi ke khanpur hospital mein pahunchaya Gaya

— Ramraj Suman

मथुरा बरेली हाइबे के आएराखेड़ा पर आपस मे भिड़े तेल से भरे टेंकर, वचाव मे जुटे स्थानीय

मथुरा बरेली हाइबे के आएराखेड़ा पर आपस मे भिड़े तेल से भरे टेंकर, वचाव मे जुटे स्थानीय

— Thakur Harendra Singh

स्थानीय

अमरकंटक में एंबुलेंस गाड़ी अनबैलेंस होकर पलटी, दुर्घटना

अमरकंटक में एक एंबुलेंस गाड़ी अचानक अनबैलेंस होकर पलट गई।

गाड़ी अमरकंटक से घूम कर आ रही थी।

दुर्घटना के कारण गाड़ी पलट गई।

— Prakash Kumar

राजनीति

आज की ताजा खबर chhatish Vloges की तरफ से

कुत्ते की कीमत 10 हजार रुपए, गधे की कीमत 25 हजार, भैंस की कीमत 80 हजार

और आप लोग 500 में बिक जाते हो, क्या आपकी कीमत जानवरों से भी कम है..?

— Chhatish kumar

जीवनशैली

मंदिर के घंटी से लटका मिला युवक का लाश

मंदिर के घंटी से लटका मिला युवक का लाश युवक की पहचान सारण के खैरा थाना क्षेत्र बानपुरा गांव निवासी विनोद कुमार के पुत्र गोलू कुमार के रूप में है है8

— Amit kumar

बिज़नेस

Road hadsa Madhuri ji ka accident Ho Gaya writer Singh

Raja Maharaja ji ka abhi writer ka maut Ho Gaya uska gaon Bihar sarkar se kahani ke aadesh Hai ki Raja Maharaja Ji ka Ghar Parivar ko dekhne ko prayas Karen

— Javed babu